**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**मुख्य सचिव सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से विनिर्माण और व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने तथा भारत को वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आग्रह किया है। नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन का शुभारंभ करेगा। उन्होंने प्रत्येक राज्य से इसे शीर्ष प्राथमिकता देकर वैश्विक कंपनियों को आकृष्ट करने के लिए बुनियादी ढांचा सृजित करने का आग्रह किया। विकसित भारत के लिए मानव संसाधन विषय पर तीन दिन का यह सम्मेलन इस महीने की 26 तारीख को शुरू हुआ था। भारत की जनसांख्यिकी उपलब्धि का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की लगभग 70 फीसदी आबादी कार्यशील वर्ग में है, जिससे आर्थिक प्रगति के लिए विशिष्ट अवसर उपलब्ध है। इससे विकसित भारत की ओर देश की यात्रा को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेड इन इंडिया लेबल को उत्कृष्टता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का प्रतीक बनाना होगा। उन्होंने कहा पर्यटन क्षेत्र युवाओं के लिए आजीविका सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। तीन दिन के सम्मेलन में समायोजी, समावेशी और भविष्य अनुकूल कार्यबल तैयार करने के लिए बाल शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल विकास, खेल कूद और अन्य गतिविधियों पर व्यापक विचार–विमर्श किया गया।

**हड़ताल समाप्त**

आईजीएमसी शिमला के रेजिडेंट डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त कर दी है। इससे प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों, जिला व क्षेत्रीय अस्पतालों, सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत डॉक्टर आज से ओपीडी सेवाओं पर लौट आए हैं। आज से मरीजों को उपचार मिल सकेगा। रूटीन जांच, टेस्ट और ऑपरेशन भी सुचारू रूप से हो सकेंगे। दिल्ली से लौटने के बाद कल देर सांय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आह्वान पर हड़ताल समाप्त की गई है। कल देर सायं हुई बैठक के बाद आरडीए के अध्यक्ष डॉ. सोहेल शर्मा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की।

*सीएम से हमे ऐशारेंस मिली है उन्होंने हमे कहा है किकि डा राघव के लिए एक कमेटी बैठाई जाएगी जिसमें उन्हें पूरा जस्टिस दिया जाएगाताकि उनकी टर्मिनेशन को रिमूव किया जाए और रि इंस्टेट किया जाए कल ओपीडी मेंरेजीडेंस रहेंगी जो नाराजगी चल रही है वह सीएम से बैठकर और हमे उन्होंने जैसाहमे आश्वासन दिया है उनके साथ बैठकर वार्तालाप करेंगे हमे पूरा भरोसा है कि सीएमसाहब हमारी मांगों पर अमल करेंगे। गौरतलब है कि मरीज से मारपीट मामले में सीनियर रेजिडेंट डॉ.राघव निरूला की सेवा बर्खास्त करने के विरोध में 27 दिसंबर से हड़ताल पर चले गए थे।*

**अनशन**

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के नाम में बदलाव और इसे कमजोर करने के विरोध में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आज रिज मैदान पर स्थित महात्मा गाँधी की प्रतिमा के समक्ष अनशन पर बैठेगी। इस अनशन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक, कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और बोर्ड निगमों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गाँधी के नाम हटाने को कांग्रेस किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी।

**सहकारी कॉन्क्लेव**

नाबार्ड हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आज सहकारी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा सहकारिता के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। सम्मेलन में सहकारी क्षेत्र से जुड़े अधिकारी, विशेषज्ञ, प्रतिनिधि व हितधारक भाग लेंगे और सहकारिता से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

प्रेनो

**पर्यटक**

नववर्ष का जश्न मनाने के लिए राज्य के पर्यटक स्थल सैलानियों से गुलजार हो गए हैं। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार राज्य में 80 फीसदी तक होटलों की कमरों की बुकिंग हो चुकी है। होटलों के अलावा होम स्टे और गेस्ट हाउस में भी सैलानी बुकिंग कर रहे हैं। शिमला सहित मनाली, डलहौजी, किन्नौर और लाहौल–स्पीति में कमरों की बुकिंग हो रही है। शिमला और मनाली के लिए दिल्ली से चलने वाली टूरिस्ट वोल्वों की संख्या भी दोगुनी हो गई है। शिमला शहर के मालरोड और रिज मैदान पर इन दिनों पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ रही है।

पर्यटकों की भारी आमद नए साल और विंटर कार्निवल को देखते हुए शिमला शहर में कानून और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के मकसद से पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं।

**अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता**

*शिमला शहर के मालरोड और रिज मैदान पर इन दिनों पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ रही है। दिल्लीए महाराष्ट्रए कर्नाटकए गुजरातए चंडीगढ़ए पंजाब और हरियाणा सहित विदेशों से बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला पहुंच रहे हैं। हालांकि प्रदेश में बारिश व बर्फबारी न होने से सूखे जैसे हालात हैं लेकिन पर्यटक प्रदेश के साफ व स्वच्छ वातावरण को खूब पसंद कर रहे हैं। पर्यटकों की तादाद बढ़ने से पर्यटन कारोबार भी पटरी पर लौटा है और कारोबार से जुड़े लोग काफी खुश हैं। पर्यटकों की भारी आमद और नए सालए विंटर कार्निवल को देखते हुए शिमला शहर में कानून और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के मकसद से पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। होटल कारोबारियों ने भी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए विशेष तरह के डिस्काउंट ऑफर निकाले हैं। नए साल तक सैलानियों की संख्या में और ज्यादा बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।*

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। पिछले कई दिनों से बारिश न होने से शुष्क ठण्ड बढ़ती जा रही है। राज्य के मैदानी इलाकों में सुबह–शाम लोगों को धुंध का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिन मैदानी व निचले क्षेत्रों में धुंध को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 30 दिसम्बर से ऊपरी क्षेत्रों में कहीं–कहीं बर्फबारी जबकि अन्य भागों में हल्की वर्षा की संभावना है।

प्रेनो